दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनांक (Dated): 27.05.2025 पृष्ठ सं0(Page No). 16 क्रम सं0(Serial No)

# 'एवरेस्ट फतह' करने वाली गीता का सीआइएसएफ मुख्यालय में अभिनंदन

नई दिल्ली, जेएनएन: 'एवरेस्ट फतह' कर इतिहास रचने वाली सीआइएसएफ की सब इंस्पेक्टर गीता समोता का सीआइएसएफ मुख्यालय में अभिनंदन किया गया। सीआइएसएफ के 56 वर्षीय इतिहास में एवरेस्ट पर चढ़ने वाली गीता सीआइएसएफ की पहली कर्मचारी हैं। सोमवार को सीआइएसएफ मुख्यालय में सीआइएसएफ महानिदेशक ने विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया। गीता ने 19 मई को शिखर एवरेस्ट पर सीआइएसएफ का झंडा फहराया था।